Civil Services (Main)
Examination- 2025

SLPM–P–GEG

# भूगोल (प्रश्न-पत्र–I)

| निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तरों को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# GEOGRAPHY (PAPER–I)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Civil Services (Main) Examination-2025

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* हिमनद झील विस्फोट से बाढ़ के कारणों की व्याख्या कीजिए।

Explain the causes of glacial lake outburst flood.

*(b)* मृदासर्पण क्या है? इसके प्रभाव क्या हैं?

What is solifluction? What are its impacts?

*(c)* पर्वतीय पेटियों में ग्रीवाखण्ड निर्माण में अग्रसर भूगर्भिक एवं विवर्तनिक प्रक्रियाएँ क्या हैं?

What geological and tectonic processes lead to the formation of nappes in orogenic belts?

*(d)* वायुराशियों एवं स्थानीय पवनों में संबंध की व्याख्या कीजिए।

Explain the relationship between air masses and local winds.

*(e)* समुद्री लहर, समुद्री जलधारा एवं ज्वार-भाटा में आधारभूत अंतर क्या हैं?

What are the fundamental differences among ocean wave, ocean current and tide?

**2.** *(a)* भूदृश्यों एवं स्थलाकृतियों के क्रमिक विकास को समझने में अनाच्छादन कालानुक्रम किस प्रकार सहायक है? स्पष्ट कीजिए।

How does denudation chronology help in understanding the sequential development of landscapes and landforms? Elucidate. 20

*(b)* गहरे समुद्र में खनन क्या है? इससे संबंधित संभाव्य लाभ एवं खतरे क्या हैं?

What is deep-sea mining? What are the potential benefits and risks associated with it? 15

*(c)* मनुष्य एवं वन्यजीव संघर्ष निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। इसके कारणों, परिणामों एवं सुधारों पर चर्चा कीजिए।

Man and wildlife conflicts are ever increasing. Discuss its causes, consequences and remedies. 15

**3.** *(a)* वायुमण्डल की त्रिकोशिकीय परिसंचरण प्रणाली के निर्माण का परीक्षण कीजिए। पृथ्वी को एक जीवित ग्रह बनाने में इसके महत्त्व का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

Examine the formation of atmospheric tricellular circulation system. Describe with example its importance in making the Earth a living planet. 20

*(b)* 'पारिस्थितिक तंत्र पुनर्बहाली संयुक्त राष्ट्र दशक' क्या है? यह कैसे पारिस्थितिकीय लक्ष्यों को खाद्य सुरक्षा और विकास जैसी उभरती सामाजिक-आर्थिक जरूरतों के साथ संतुलित करता है?

What is the 'UN Decade on Ecosystem Restoration'? How does it balance ecological goals with emerging socio-economic needs like food security and development? 15

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

(c) ''हिमालय अभी भी ऊँचा हो रहा है।'' उपयुक्त चित्रों एवं उदाहरणों के माध्यम से इस कथन का विस्तार कीजिए तथा इसमें प्रयुक्त प्रक्रियाओं का वर्णन कीजिए।

"The Himalaya is still rising." Expand this statement and describe the processes involved in it with suitable sketches and examples. 15

**4.** (a) अमेज़न एवं कांगो बेसिन में कृषि के लिए वनों की कटाई के पारिस्थितिकीय परिणाम, विशेष रूप से जैव विविधता एवं जलवायु नियमन चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, क्या हैं?

What are the ecological consequences of agricultural deforestation in the Amazon and Congo Basins, particularly concerning biodiversity and climate regulation? 20

(b) पृथ्वी की वायुमण्डल प्रणाली में ऊर्जा के वितरण एवं संतुलन का परीक्षण कीजिए।

Examine the distribution and balance of energy in the Earth's atmosphere system. 15

(c) बाधा द्वीपों की निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए तथा इनके महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

Describe the process of formation of barrier islands and explain their significance. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) मानव भूगोल में कल्याणकारी उपागम 1970 के दशक में एक महत्त्वपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में क्यों उभरा?

Why did the Welfare Approach in Human Geography emerge as a significant perspective in 1970s?

(b) महत्त्वपूर्ण (क्रिटिकल) खनिजों की निकासी एवं प्रसंस्करण से संबंधित मुख्य पर्यावरणीय एवं आर्थिक चुनौतियाँ क्या हैं?

What are the key environmental and economic challenges linked to the extraction and processing of critical minerals?

(c) ''आंतरिक प्रवासन में अपकर्ष (पुल) कारक अक्सर धारणाओं पर आधारित होते हैं वास्तविकता पर नहीं।'' व्याख्या कीजिए।

"Pull factors in internal migration are often based on perceptions rather than reality." Explain.

(d) ''प्रादेशिक असंतुलन *यथास्थान* एवं *बहिस्थनि* कारकों के परिणाम हैं।'' इसे उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए।

"Regional imbalances are the product of *in situ* and *ex situ* factors." Elucidate it with examples.

(e) नगरीय नियोजन में तंत्र विश्लेषण क्यों महत्त्वपूर्ण है और इसकी सीमाएँ क्या हैं?

Why is systems analysis important in urban planning and what are its limitations?

6. (a) द्विभागीकरण एवं द्वैतवाद ने भूगोल के पद्धतिगत विकास को कैसे प्रभावित किया? वर्णन कीजिए।

How have dichotomy and dualism affected the methodological development of Geography? Describe. 20

(b) विश्व के प्रमुख सांस्कृतिक प्रदेशों के परिसीमन में भाषा एवं धर्म की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the role of language and religion in delineating major cultural regions of the world. 15

(c) उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बागवानी फसलों के स्थानिक प्रतिरूपों एवं प्रादेशिक विशेषता का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the spatial patterns and regional specialization of plantation crops across tropical and subtropical regions. 15

7. (a) तेल, ऊर्जा सुरक्षा के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है? स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में तेल की क्या भूमिका है?

Why is oil important for energy security? What is the role of oil in clean energy transition? 20

(b) विकासशील देशों में नगरीय प्रभाव क्षेत्रों में सन्नगरों (प्राइमेट सिटी) के वर्चस्व का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the role of primate cities in dominating the urban spheres of influence in developing countries. 15

(c) ''वैश्विक जनसांख्यिकीय परिदृश्य कुछ स्थानों पर तेजी से जनसंख्या वृद्धि और अन्य स्थानों पर तेजी से वृद्धावस्था के साथ विकसित हो रहा है।'' उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।

"The global demographic landscape is evolving with rapid population growth in some places and rapid ageing in others." Elucidate with examples. 15

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

8. (a) प्रादेशिक विकास के मॉडल के रूप में एफ० पेरॉक्स के विकास ध्रुव सिद्धांत की आलोचना क्यों हुई? उदाहरणों के साथ समझाइए।

Why has F. Perroux's theory of growth pole as a model of regional growth been criticised? Explain with examples. 20

(b) विश्व में प्रजनन एवं मृत्यु दर की विषमता का वर्णन करने में जनसंख्या संक्रमण सिद्धांत की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the role of demographic transition theory in explaining variations in fertility and mortality rates globally. 15

(c) प्रादेशिक घटक कैसे भूस्थानिक व्यवस्था में प्रादेशिक संश्लेषण करते हैं? व्याख्या कीजिए।

How do regional components make the regional synthesis in spatial arrangement? Explain. 15

★★★